कोविड 19 के दृष्टिगत लगभग 30% पाठ्यक्रम हटाये जाने के पश्चात् लगभग 70% पाठ्यक्रम का अध्यायवार मासिक शैक्षिक पंचांग

सत्र 2021–2022
कक्षा 11
विषय चित्रकला (आलेखन)

क्रम	माह	पाठ्यक्रम
1	20 मई से	कला एव ं चित्रकला में अन्तर बताना तथा रंगों के बारे मे ज्ञान–बोध कराना एवं आलेखन की परिभाषा बताना
2	जून	आलेखन के प्रकार, आलेखन की इकाई, इकाई का निर्माण प्रक्रिया, इकाई की पुनरावृत्ति।
3	जुलाई	आलेखन में प्रयुक्त होने वाले तत्वो का रेखाकंन, पुष्पों, पत्तियों एवं कलियों का अंलकारिक रेखाकंन इसके साथ रंगो का ज्ञान कराना।
4	अगस्त	कमल एवं गुड़हल के पुष्पों, पत्तियों, कलियों के साथ–साथ एक यथोचित पशु–पक्षियो के चित्रण के साथ अलंकारिक प्राकृतिक आलेखन की रचना एवं रंग कार्य के साथ कम से कम दो आलेखन पूर्ण कराना। स्मृति–चित्रण के अन्तर्गत कम से कम 06 फलों जिसमें कुछ फलो के चित्र पत्तियों सहित बनाना, छाया प्रकाश के साथ पेन्सिल के माध्यम से तैयार करवाना। पुष्प चित्रण मे कनेर, गुडहल आदि के फूल,पत्तियों, कलियों टहनियों के साथ चित्रण करवाना।
5	सितम्बर	सूरजमुखी एवं पीला कनेर के पुष्पों के साथ–साथ किसी पशु/पक्षी एवं मानवाकृति का प्रयोग यथा स्थान करते हुए कम से कम तीन आलेखन की रचना एवं दो आलेखनों को जल रंगो के माध्यम् तैयार करवाना। पुष्पचित्रण/प्रकृति चित्रण के अर्न्तगत गुडहल के पुष्पों, कलियों कम से कम चार/पॉच, पत्तियों, टहनियों और उनके निकास कोण, रंग एवं रेशो को चित्रित करवाना साथ ही इसे जल रंगो के माध्यम से पूर्ण कराना। दृश्य–चित्रण में पहाड़ी ग्रामीण जीवन से सम्बन्धित चित्र तैयार करवाना।

6	अक्टूबर	डहेलिया एवं जीनिया के पुष्पों के साथ–साथ मछली व बत्तख के चित्रों एवं अलंकारिक डिजाइनों के द्वारा तीन आलेखन तैयार करवाना और जल रंगों के माध्यम से दो अलंकारिक आलेखन तैयार करवाना। स्मृति–चित्रण के अन्तर्गत घरेलू बर्तन, सब्जियों आदि के चित्र पेन्सिल चारकोल के माध्यम से छाया–प्रकाश प्रतिच्छाया सहित तैयार करवाना। प्राकृतिक दृश्य चित्रण में ग्रामीण जीवन से सम्बन्धित चित्र तैयार करवाना।
7	नवम्बर	कमल के पुष्प कलियो आदि के अलंकारिक आलेखन तैयार करवाना। स्मृति–चित्रण में खेल से सम्बन्धित सामानों के चित्र तैयार करवाना। पुष्प/प्रकृति चित्रण मे डहेलिया, गुलाब आदि के चित्र रंगो के साथ पूर्ण कराना। प्राकृतिक दृश्य–चित्रण में प्रातः कालीन ग्रामीण जीवन को दर्शाना तथा इसे रंगो के माध्यम से पूर्ण करवाना। अर्द्धवार्षिक परीक्षा
8	दिसम्बर	आलेखन रेखांकन कार्य तथा आलेखन में यथास्थान तितलियों के चित्र बनवाना। स्मृति चित्रण में पठन–पाठन से सम्बन्धित चित्र तैयार करवाना तथा इसमे पेन्सिल के माध्यम से छाया–प्रकाश एव्र प्रतिच्छाया को दर्शाना। दृश्य चित्रण मे पहाड़ी दृश्य चित्र तैयार करवाना
9	जनवरी	पुष्प–चित्र तैयार करवाना तथा अभी तक बताये गये कार्यो की पुनरावृत्ति ।
10	फरवरी	वार्षिक गृह परीक्षा तथा पुस्तिकाओं का मूल्याकंन एवं परीक्षाफल तैयार करना।
11	मार्च	छात्रों के परीक्षाफल का विवरण।

नोट– 1–**इन कार्यो के साथ–साथ आलेखन तथा रंगो से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को भी तैयार करायें।**

2– पाठ्यक्रम से हटाया गया अध्याय–1 वस्तु चित्रण।